Home Science
Explore–Journal of Research
ISSN 2278 – 0297 **(Print)**
ISSN 2278 – 6414 **(Online)**
© Patna Women's College, Patna, India
http://www.patnawomenscollege.in/journal

पटना शहर में कॉलेज जाने वाली युवतियों (18 से 24 वर्ष) की सुरक्षा की समस्याएँः– एक अध्ययन

• शुभांगी सरोज • निक्की कुमारी • सोनी कुमारी
• सुनीति भगत

Received : November 2019
Accepted : March 2020
Corresponding Author : Suniti Bhagat

Abstract : *दुनिया बुहत तेजी से बदल रही है और बदलाव हर दिशा में हो रहा है । सभी युवतियाँ घर की चार दीवारी से निकलकर शिक्षा की दुनिया में शामिल हो रही है। बदलती हुई समाजिक तथा आर्थिक परिस्थितियों में महिलाओं को शिक्षा के अवसर मिलने लगे है । इन सब के बावजूद भी घर से बाहर जाते समय उन्हें बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जो उनके लिए असहनीय होती जा रही है। ये कठिनाइयाँ उनकी सुरक्षा से सबंधित है जो उनके लिए ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी चिंतनीय होती जा रही है। प्रस्तुत शोध का मुरव्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि युवतियाँ अपनी सुरक्षा हेतु क्या प्रयास कर रही हैं, तथा उनके परिवार के सदस्यों का और जिन संस्थाओं से वे जुड़ी हुई है उन संस्थाओं का उनके सुरक्षा के प्रति क्या योगदान है इस अध्ययन के लिए पटना क्षेत्र के चार कॉलेजों से 100 युवतियों को चुना गया है। प्राप्त परिणाम के आधार पर यह ज्ञात हुआ है कि 98 प्रतिशत युवतियाँ सुरक्षा हेतु समस्या का सामना कर रही है। शोध में यह भी पाया गया है कि 94 प्रतिशत युवतियाँ अपनी सुरक्षा को लेकर कोई गंभीर कदम नहीं उठा रही है। 85 प्रतिशत परिवार के सदस्यों का तथा 56 प्रतिशत संस्थाओं कर उनके सुरक्षा के प्रति कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं है। इन बातों से यह निष्कर्ष निकलता है कि युवतियों की सुरक्षा संदेहात्मक स्थिति में पड़ती दिख रही है। युवतियों की सुरक्षा हेतु समस्या के संदर्भ में जरूरत इस बात की है कि युवतियों के परिवार के सदस्यों को ,संगठनों को तथा स्वंय युवतियों को समस्याओं के निवारण हेतु कदम उठाना चाहिए।*

संकेत–शब्द : *युवतियाँ, सुरक्षा, परिवार के सदस्य, संस्थाएँ, हेल्पलाइन नम्बर।*

शुभांगी सरोज
M.A. Final Year, Home Science, Session: 2018-2020,
Patna Women's College, Patna University, Patna,
Bihar, India

निक्की कुमारी
M.A. Final Year, Home Science, Session: 2018-2020,
Patna Women's College, Patna University, Patna,
Bihar, India

सोनी कुमारी
M.A. Final Year, Home Science, Session: 2018-2020,
Patna Women's College, Patna University, Patna,
Bihar, India

Suniti Bhagat
Assistant Professor, Department of Home Science,
Patna Women's College, Bailey Road,
Patna–800 001, Bihar, India
E-mail : sunitibhagat@gmail.com

परिचयः

महिलाएँ हमारे देश की आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करती हैं (लगभग 48 प्रतिशत 2011 जनगणना के अनुसार) तथा विकास में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। आज के युग में राष्ट्रपति भवन से ले कर जिला स्तर ही नहीं बल्कि पंचायत स्तर तक वे अपना स्थान बना चुकी हैं। इस तर्क को कतई नहीं नकारा जा सकता कि आधुनिक युग में महिलाएँ कार्य क्षेत्रों में पुरूषों की बराबरी कर रही हैं।

इन सब के बावजूद भी घर से बाहर जाते समय उन्हें बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ये